पंजाब केसरी 25/07/2025



विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज में विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक संरचना, नियमावली एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से करवाया परिचित

अम्बाला, 23 जुलाई (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 3 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक संरचना, नियमावली एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन एवं समग्र विकास के प्रति सजग रहने का संदेश दिया और कॉलेज जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के प्रथम दिन विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुति दी गई। विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एस.के. पांडेय, वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष राम मूर्ति, कला संकाय के विभागाध्यक्ष डा. एस.एस. नैन, परीक्षा नियंत्रक डा. सुरेन्दर, मैंटोर-मैंटी योजना से डा. अनुराधा, इंटर्नशिप/प्लेसमैंट इंचार्ज कमलप्रीत एवं शैक्षणिक कैलेंडर डा. शिखा ने पी.पी.टी. के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही एन.सी.सी. गर्ल्स विंग की इंचार्ज डा. तृप्ति, एन.एस.एस. डा. अनीश, वाई.आर.सी. डा. राकेश, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रमुख डा. सी.पी. पुनिया, खेल विभाग से बृजेश, पुस्तकालय डा. दीपक, ई.आर.पी. प्रणाली उपिंदर कौर, नई शिक्षा नीति डा. के.के. पुनिया ने विद्यार्थियों से महत्वपूर्ण विभागीय जानकारी सांझा की।